विषय–: **मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में योजित मूल आवेदन संख्या 961/2024, नितिनदेव बनाम उत्तराखण्ड सरकार मे दिनांक 26.05.2025 को पारित आदेश के अनुपालन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया आपके आदेश पत्रांक–:147/जिला गंगा समिति/एन.जी.टी.(2025–26) नई टिहरी, दिनांक दिसम्बर 04,2025 जोकि मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में योजित मूल आवेदन संख्या 961/2024, नितिन देव बनाम उत्तराखण्ड सरकार में दिनांक 26.05.2025 के अनुपालन में प्रतिवाद संख्या 05 मैसर्स आशो गंगा धाम (जानकी कुटिया) को इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 22.06.2025 के द्वारा उक्त संस्थान में अग्निनिरोधक व्यवस्थाओं का प्रावधान नहीं किये जाने के क्रम में अतिथि तक कृत कार्यवाही का विवरण उपलब्ध किये जाने विषयक है।

उपरोक्त क्रम में सादर अवगत कराना है कि पूर्व में सम्बन्धित संस्थान को इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 15.10.2024, 14.01.2025 को मानकानुसार अग्निशमन व्यवस्थाओं को प्रावधान किये जाने हेतु सुझाव प्रेषित किये गये, दिनांक 17.06.2025 को सम्बन्धित संस्थान का निरीक्षण किया गया, तद् तिथि को सम्बन्धित के द्वारा दिये गये सुझावों के अनुरूप अग्निनिरोधक व्यवस्थाओं का प्रावधान नहीं किया गया था, पुनः मुझ अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा दिनांक 05.12.2025 को सम्बन्धित संस्थान का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान उपरोक्त संस्थान के द्वारा निम्नलिखित प्राथमिक अग्निशमन व्यवस्थाओं का प्रावधान किया गया है–:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | ए.बी.सी. फायर एक्सटिंग्यूशर 04 किग्रा0 क्षमता | – | 09 अदद्। |
| 2. | ए.बी.सी. फायर एक्सटिंग्यूशर 06 किग्रा0 क्षमता | – | 03अदद्। |
| 3. | सी.ओ.2 फायर एक्सटिंग्यूशर 4.5 किग्रा0 क्षमता | – | 02 अदद्। |
| 4. | होजरील | – | 02 अदद्। |
| 5. | फायर अलार्म | – | 01 अदद्। |
| 6. | समरसिबल पम्प | – | 01 अदद्। |
| 7. | रिर्जव वाटर टैंक (5000X02) | – | 10,000 ली0। |

निरीक्षण तिथि दिनांक 05.12.2025 को उरोक्त उपलब्ध प्राथमिक अग्निशमन व्यवस्थायें कार्यशील एवं सतोषजनक दशा में है।

अतः उपरोक्तानुसार कृपया रिपोर्ट सादर सेवा में प्रेषित है।

08/12/25
(शंकर चन्द रमोला)
प्रभारी अग्निशमन अधिकारी
नरेन्द्रनगर,(टि0ग0)।

प्रतिलिपि–:मुख्य अग्निशमन अधिकारी महोदय टिहरी गढ़वाल को कृपया सादर सेवा में प्रेषित है।

2857 R. No. 5347 /ERK.........
पंजिका सं0......12.......दिनांक 25/6/25



जिला कार्यालय प्राप्ति दिनांक 24-06-25 नई टिहरी

कार्यालय अग्निशमन अधिकारी फायर स्टेशन नरेन्द्रनगर जनपद टिहरी गढ़वाल।
पत्रांकः– एफ0एस0 / नि0अ0 / 2023, ADM/OC/ALC-II x दिनांक जून 22, 2025।

DPO (नमामि गंगे)

सेवा में,

अपर जिलाधिकारी
जनपद टिहरी गढ़वाल।

जिलाधिकारी
टिहरी गढ़वाल। 24/6/25

महोदय,

कृपया आपके आदेश पत्रांकः 102 / जिला गंगा समिति टि0ग0 / 2025–26 नई टिहरी, दिनांक 11.06.2025 जो कि मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, नई दिल्ली में योजित ओ0ए0 नं0 961 / 2024, में पारित आदेश संख्या 26.05.2025 के द्वारा प्रतिवादी संख्या 05, मैसर्स ओशो गंगा धाम (जानकी कुटिया) को इस कार्यालय के समसख्यंक पत्र दिनांक 15.10.2024 में दिये गये सुझाव के अनुरूप उचित कार्यवाही किये जाने विषयक है।

उपरोक्तानुसार इस कार्यालय के पत्रांकः– एफ0एस0 / नि0अ0 / 2023, दिनांक 15.10.2024 के माध्यम से मैसर्स श्री जानकी कुटिया धमार्थ ट्रस्ट (ओशो गंगा धाम) लीज नं0 52, ब्रह्मपुरी, बद्रीनाथ रोड़ टिहरी गढ़वाल, बिन्दुवार सुझाव प्रेषित किये गये है, उपरोक्त क्रम में सम्बन्धित संस्थान के द्वारा अपने पत्र दिनांक 26.11.2024 के माध्यम से इस कार्यालय से दिये गये सुझाव के सम्बन्ध में राज्य एवं स्थानीय प्रशासन के द्वारा जारी नियमों एवं आदेशों की प्रति उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी, जिसके सापेक्ष इस कार्यालय के समसख्यंक पत्र दिनांक 14.01.2025 को सम्बन्धित संस्थान को एन0बी0सी0 2016, उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी शासनादेशों की छायाप्रति उपलब्ध कराई गयी है।

उपरोक्त क्रम में मुझ अद्योहताक्षरी के द्वारा दिनांक 17.06.2025 को सम्बन्धित संस्थान का निरीक्षण किया गया, सम्बन्धित के द्वारा अभी तक अपने संस्थान में दिये गये सुझाव के अनुरूप अग्नि निरोधक व्यवस्थाओं का प्रावधान नहीं किया गया है।

अतः उपरोक्तानुसार अनुपालन आख्या कृपया सादर सेवा में प्रेषित है।

संलग्नक–: यथोपरि।

(शंकर चन्द रामोला)
प्रभारी अग्निशमन अधिकारी
नरेन्द्रनगर,(टि0ग0)।

प्रतिलिपि–: मुख्य अग्निशमन अधिकारी महोदय जनपद टिहरी गढ़वाल को कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषित।

R. No. 5347 /ERK.........
पंजिका सं0......12.......दिनांक 25/6/25

कार्यालय अग्निशमन अधिकारी फायर स्टेशन नरेन्द्रनगर जनपद टिहरी गढ़वाल।
पत्रांक- एफ0एस0/नि0अ0/2023
दिनांक जनवरी 14- 2025।

स्वामी/प्रबन्धक
श्री जानकी कुटिया धमार्थ ट्रस्ट(ओशो गंगा धाम)
लीज न0 52, ब्रहमपुर, बद्रीनाथ रोड,
टिहरी गढ़वाल।

कृपया आपके पत्र दिनांकित 26.11.2024 जो कि आपके द्वारा इस कार्यालय के समसख्यंक पत्र दिनांक 15.10.2024 के क्रम में उल्लेख कर प्रेषित किया गया है, जिसमें आपके द्वारा अपने आश्रम/संस्थान में योग, ध्यान, साधना हेतु प्रयोजन का उल्लेख कर राज्य एवं स्थानीय प्रशासन के नियमो एव आदेशो का अनुपालन करने के दृष्टिगत सम्बन्धित नियमों की जानकारी उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

उपरोक्तानुसार जैसा कि आप विदित है कि आपके आश्रम/संस्थान में योग, ध्यान तथा साधना के दृष्टिगत आम जनमानस का आवागमन बना रहता है, साथ ही आपके द्वारा अपने परिसर मे सम्बन्धित पयर्टक/योग साधको को ठहराया जाना भी प्रकाश में आया है, जिस कारण उक्त स्थल पर अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था का प्राविधान किया जाना आम जनमानस के हित में अति आवश्यक है, आपके परिसर के आसपास वन क्षेत्र भी उपलब्ध है, ग्रीष्मकाल में वनाग्नि के दृष्टिगत भी उक्त परिसर मे पर्याप्त अग्नि-निरोधक व्यवस्थाओं का उपलब्ध रहना आवश्यक है, ताकि आप भी किसी विपरीत परिस्थितियों मे सम्बन्धित प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों का प्रयोग अपनी सुरक्षा हेतु कर सके।

आपके परिसर/संस्थान में अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से नेशनल बिल्डिंग कोड 2016 के पार्ट-04, फायर एण्ड लाईफ सेफ्टी के टेबल-07 के क्रमांक संख्या D, Type of Building Occupancy Hotels (A-5) III Floor area exceeding 1000 m² on any of the floor में रखते हुये सम्बन्धित टेबल में उल्लेखित अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्थाओ का प्राविधान आपके द्वारा किया जाना आवश्यक है, (छायाप्रति संलग्न) उक्त के अतिरिक्त उत्तराखण्ड भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के शासनादेश संख्या-837/वी-2-2016-127 (आ0)/15-टी0सी0 देहरादून दिनांक 03 जून, 2016 के मानकानुसार भवन निर्माण एव प्रर्याप्त सैट बैक का प्रावधान किया जाना अपेक्षित है। (छायाप्रति संलग्न)

उपरोक्त के अतिरिक्त आपके आश्रम/संस्थान में योग, ध्यान तथा साधना के दृष्टिगत आम जनमानस का आवागमन बने रहने एवं उनके प्रवास के दृष्टिगत उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 191/XXXVI(3)2022/36(1)/2022 दिनांक 21 जुलाई 2022 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुरूप अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने का उल्लेख किया गया है।(छायाप्रति संलग्न)

अतः आपके द्वारा इस कार्यालय से अपेक्षित दिशा-निर्देशा, नियम एवं आदेशों की छायाप्रति की अपेक्षा की गयी है, जिसकी जानकारी आपको विस्तृत रूप में दी जा रही है, उपरोक्तानुसार नेशनल बिल्डिंग कोड 2016 के पार्ट-04, फायर एण्ड लाईफ सेफ्टी के टेबल-07 एव उक्त शासनादेश के अनुरूप अग्नि-निरोधक व्यवस्थाओ का प्रावधान कर अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक-: यथोपरि।

(शंकर चन्द रामोला)
प्रभारी अग्निशमन अधिकारी
नरेन्द्रनगर,(टि0ग0)।

Received
Mani Kumar
(Manager)
...36745

Supplied by Book Supply Bureau Under the License from BIS for LARSEN AND TOUBRO CONSTRUCTION - MANAPAKKAM, CHENNAI ON 17-03-2017 08:57:36 (123.63.24.35) valid upto 11-12-2017



Table 7 — (*Continued*)

| Sl No. | Type of Building Occupancy | Type of Installation | | | | | | | | Water Supply (litre) | | Pump Capacity (litre/min) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Fire Extinguisher | First Aid Hose Reel | Wet Riser | Down Comer | Yard Hydrant | Automatic Sprinkler System | Manually Operated Electronic Fire Alarm Systems (*see* Note 1) | Automatic Detection and Alarm System (*see* Note 2) | Under-ground Static Water Storage Tank Combined Capacity for Wet Riser, Yard Hydrant and Sprinklers per Set of Pumps | Terrace Tank over Respective Tower Terrace | Pump Near Underground Static Water Storage Tank (Fire Pump) with Minimum Pressure of 3.5 kg/cm² at Remotest Location | At the Terrace Tank Level with Minimum Pressure of 3.5 kg/cm² |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) | (13) | (14) |
| 2) | 15 m and above but not exceeding 35 m in height | R | R | NR | R | NR | R (*see* Note 4) | R (*see* Note 8) | NR | NR | 25 000 | NR | 900 |
| 3) | Above 35 m but not exceeding 45 m in height | R | R | R | NR | NR | R (*see* Note 4 and Note 9) | R | NR | 75 000 | 5 000 | (*see* Note 10) | NR |
| 4) | Above 45 m in height but not exceeding 60 m in height | R | R | R | NR | R | R | R | NR | 150 000 | 10 000 | (*see* Note 11) | NR |
| 5) | Above 60 m in height | R | R | R | NR | R | R | R | R | 200 000 | 10 000 | (*see* Note 12 & Note 13) | NR |
| d) | Hotels (A-5) | | | | | | | | | | | | |
| 1) | Less than 15 m in height | | | | | | | | | | | | |
| | i) Floor area not exceeding 300 m² on any of the floor | R | R | NR | NR | NR | R (*see* Note 4) | R | NR | NR | 5 000 (5000) (*see* Note 6) | NR | 450 (450) (*see* Note 6) |
| | ii) Floor area exceeding 300 m² but not more 1 000 m² on any of the floor | R | R | R (*see* Note 7) | NR | NR | R (*see* Note 4) | R | R | 10 000 for every 500 m² floor area subject to minimum of 50 000 (*see* Note 7) | 10 000 (5000) (*see* Note 6) | (*see* Note 14 in case of provision of wet riser) | 450 (450) (*see* Note 6) |
| | iii) Floor area exceeding 1 000 m² on any of the floor | R | R | R (*see* Note 15) | NR | R | R | R (*see* Note 1) | R | 100 000 (*see* Note 15) | 10 000 (*see* Note 4) | (*see* Note 15 and Note 14) | NR |



Supply Bureau Under the License from BIS for LARSEN AND TOUBRO CONSTRUCTION - MANAPAKKAM, CHENNAI ON 17-03-2017 08:57:36 (123.63.24.35)

(ii) व्यवसायिक/कार्यालय

| व्यवसायिक/ कार्यालय भूखण्ड का क्षेत्रफल(वर्गमीटर में ) | सेट बैक (मीटर में ) न्यूनतम आवश्यक | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मैदानी क्षेत्र | | | | पर्वतीय क्षेत्र | | | |
| | अग्र | पृष्ठ | पार्श्व–1 | पार्श्व–2 | अग्र | पृष्ठ | पार्श्व–1 | पार्श्व–2 |
| 200 तक | 4.5 | – | – | – | 3.0 | – | – | – |
| 400 तक | 6.0 | 2.0 | 3.0 | – | 4.0 | – | – | – |
| 600 तक | 7.5 | 3.0 | 3.0 | – | 5.0 | 2.0 | 2.0 | – |
| 1000 तक | 8.0 | 3.0 | 4.0 | 1.5 | 6.0 | 3.0 | 3.0 | 1.5 |
| 1500 तक | 9.0 | 4.0 | 4.5 | 3.0 | 7.0 | 4.0 | 3.5 | 3.0 |
| 3000 तक | 10.0 | 5.0 | 4.5 | 4.5 | 8.0 | 5.0 | 4.5 | 4.5 |
| 3000 से अधिक | 12.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 | 9.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 |
| मॉल /मल्टीप्लेक्स : | | | | | | | | |
| 4000 तक | 14.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 | 10.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 |
| 4001 से 15000 तक | 16.0 | 7.0 | 7.0 | 7.0 | 12.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 |
| 15001 से 50000 तक | 18.0 | 8.0 | 8.0 | 8.0 | 14.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 |
| 50000 से अधिक | 20.0 | 9.0 | 9.0 | 9.0 | 18.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 |

टिप्पणी–

1. भूखण्ड के रिटेनिंग वॉल की ओर भवन निर्माण न्यूनतम 1.2 मीटर खुला छोड़ने के उपरान्त अनुमन्य होगा।
2. व्यवसायिक निर्माण हेतु पार्श्व अथवा पृष्ठ भाग में स्थित सड़क पर कोई ओपनिंग अथवा दुकानें नहीं खोली जायेगीं। यदि कोई ओपनिंग/दुकानें पार्श्व अथवा पृष्ठ सेट बैक की ओर खोली जाती है तो ऐसी दशा में उस ओर फ्रन्ट के बराबर सेट बैक छोड़ा जाना अनिवार्य होगा।
3. भूखण्ड की स्थिति एक से अधिक मार्गो पर होने की दशा में (ऐसे भूखण्ड जिसमें पार्श्व/ पृष्ठ सेट बैक आवश्यक नहीं है) फ्रन्ट सेट बैक अधिक चौड़े मार्ग की ओर होगा एवं दूसरे मार्ग की ओर न्यूनतम 3.0 मीटर सेट बैक आवश्यक होगा।

(स) शिक्षण संस्थायें/चिकित्सा /सामुदायिक सुविधाएं/सभा भवन

| भूखण्ड का क्षेत्रफल (वर्गमीटर में ) | सेट बैक (मीटर में ) न्यूनतम आवश्यक | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मैदानी | | | | पर्वतीय | | | |
| | अग्र | पृष्ठ | पार्श्व–1 | पार्श्व–2 | अग्र | पृष्ठ | पार्श्व–1 | पार्श्व–2 |
| 1000 तक | 6.0 | 4.5 | 3.6 | 3.6 | 4.5 | 3.6 | 3.6 | 3.6 |
| 1001 से 3000 तक | 7.5 | 4.5 | 4.5 | 4.5 | 5.0 | 4.5 | 4.5 | 3.6 |
| 3001 से 8000 तक | 9.0 | 6.0 | 4.5 | 4.5 | 7.5 | 5.0 | 4.5 | 4.5 |
| 8001 से 15000 तक | 12.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 | 9.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 |
| 15001 से 35000 तक | 15.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 | 12.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 |
| 35000 से अधिक | 18.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 | 15.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 |

* **टिप्पणी:– नव प्रस्तावित स्कूलों में (नर्सरी स्कूल को छोडकर) अग्र सेट बैक की 6.0 मीटर की चौड़ाई को मार्ग की ओर विजिटर पार्किंग हेतु छोडते हुये अग्र बाउण्ड्री वॉल का निर्माण किया जायेगा ।**

* शा0देश संख्या–1798, दिनांक 08.12.2016 द्वारा संशोधित।

NR-440 (5)

क्रम संख्या–59 (घ) पंजीकरण संख्या–UA/DO/DDN/30/2021-2023

# सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–1, खण्ड (क)

(उत्तराखण्ड अधिनियम)

देहरादून, बृहस्पतिवार, 21 जुलाई, 2022 ई0

आषाढ़ 30, 1944 शक सम्वत्

उत्तराखण्ड शासन

विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग

संख्या 191 / XXXVI (3) / 2022 / 36(1) / 2022

देहरादून, 21 जुलाई, 2022

## अधिसूचना

### विविध

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के अधीन मा0 राज्यपाल ने उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा पारित 'उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा, अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा (संशोधन) विधेयक, 2022' पर दिनांक 20 जुलाई, 2022 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तराखण्ड का अधिनियम संख्या: 06 वर्ष, 2022 के रूप में सर्व–साधारण के सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

NR-440



# उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा, अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा (संशोधन) अधिनियम, 2022

(उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 06, वर्ष 2022)

उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा, अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा अधिनियम 2016 में अग्रेत्तर संशोधन करने के लिए,

अधिनियम

भारत गणराज्य के तिहत्तरवें वर्ष में उत्तराखण्ड विधानसभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :-

| | | |
|---|---|---|
| संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ | 1. | (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा, अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा (संशोधन) अधिनियम, 2022 है। (2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगा। |
| धारा 15 में संशोधन | 2. | उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा, अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा अधिनियम, 2016, (जिसे इसमें इसके पश्चात् मूल अधिनियम कहा गया है), में धारा 15 की उपधारा (4) को निम्नवत् प्रतिस्थापित कर दिया जायेगा, अर्थात् :- "(4) समस्त आवासीय भवन, जो बारह मीटर या इससे ऊँचे है तथा औद्योगिक/व्यावसायिक (कवर्ड एरिया 500 वर्ग मीटर से अधिक हो) अधिष्ठान है और विस्फोटक, तीव्र ज्वलनशील पदार्थों का भण्डारण अथवा उपयोग करते हैं, को उप निदेशक (तकनीकी) या मुख्य अग्निशमन अधिकारी, यथास्थिति, अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना आवश्यक है, अग्निशमन अधिकारी/नाम निर्दिष्ट प्राधिकारी की संस्तुति के आधार पर अनापत्ति प्रमाण पत्र उप निदेशक (तकनीकी) के अनुमोदनोपरान्त मुख्य अग्निशमन अधिकारी द्वारा जारी किया जायेगा" |
| धारा 18 का संशोधन | 3. | मूल अधिनियम की धारा 18 को निम्नवत् प्रतिस्थापित कर दिया जायेगा; अर्थात् :- |

"बारह मीटर से अधिक ऊँचाई तथा 500 वर्ग मीटर से अधिक कवर्ड एरिया वाले प्रत्येक भवन चाहे विद्यमान हो या परिनिर्माणाधीन हो, जिसका उपयोग किसी ऐसे प्रयोजन यथा शारीरिक या मानसिक बीमारी, रोगों या दौर्बल्य से पीड़ित व्यक्तियों, शिशुओं के मामले, स्वास्थ्य लाभकर्ताओं या वयोवृद्ध व्यक्तियों की चिकित्सीय या अन्य उपचार या देखभाल करने या शास्ति या सुधारात्मक निरोध, जिसमे अंतःवासी की स्वतंत्रता निर्बन्धित है दुकान, बाजार, शयनवास, होटल या किराये के लिए सुसज्जित कमरों वाले मकान, शैक्षिक संस्थान, सभा भवनों, जहाँ जन समुदाय मनोरंजन, आमोद, सामाजिक धार्मिक , देश--प्रेम सम्बन्धी नागरिक यात्राओ या तत्समय प्रयोजनों के लिये इकट्ठा या एकत्रित होना सम्भावित हो के लिए योजना प्रस्तुत की जाएगी और सरकार द्वारा प्राधिकृत प्राधिकारी से अनुज्ञा प्राप्त की जाएगी कि अग्नि से सुरक्षा व्यावहारिक रूप से युक्तियुक्त रूप से प्राप्य है और प्राप्त की जा सकती है।"

व्यावृत्ति 4. उत्तराखण्ड अग्निशमन एवं आपात सेवा, अग्नि निवारण और अग्नि सुरक्षा (संशोधन) अध्यादेश, 2022 (उत्तराखण्ड अध्यादेश संख्याः 02 वर्ष, 2022) के अधीन की गयी कोई बात या कार्रवाई इस अधिनियम के तत्स्थानी उपबन्धों के अधीन की गयी समझी जायेगी।

आज्ञा से,

हीरा सिंह बोनाल,

प्रमुख सचिव।

TH1 - 17.02

# कार्यालय जिलाधिकारी, टिहरी गढवाल।

**संख्या– 151 /जिला गंगा समिति/एन0जी0टी0 (2025–26) नई टिहरी दिनांक 11 दिसम्बर, 2025**

सेवा में,

क्षेत्रीय अधिकारी,
उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,
देहरादून।

विषयः– मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में योजित मूल आवेदन संख्या–961/2024 नितिन देव बनाम उत्तराखण्ड सरकार में दिनांक 26.05.2025 को पारित आदेश के अनुपालन के सम्बन्ध में।

महादेय,

उपरोक्त विषयक मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में योजित मूल आवेदन संख्या–961/2024 नितिन देव बनाम उत्तराखण्ड सरकार में दिनांक 26.05.2025 को पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में आपके द्वारा कार्यालय पत्र संख्या–यूकेपीसीबी/आरओडी/सा–(III)/ दिनांक 25.10.2025 में उल्लेख किया गया है कि ट्रस्ट के प्रतिनिधि स्वामी प्रेम चैतन्य जी की उपस्थिति में दिनांक– 04.10.2025 को ट्रस्ट के मेन ऑफिस को सील कर दिया गया है एवं अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नरेन्द्रनगर, टिहरी गढवाल के द्वारा परिसर पर स्थापित विद्युत संयोजन को दिनांक–03.10.2025 को स्थाई विच्छेदन कर दिया गया है। प्रकरण में मा0 प्राधिकरण के आदेश के अनुपालन के क्रम में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी, नरेन्द्रनगर के द्वारा कार्यालय पत्र संख्या–एफ0एस0/नि0अ0 दिनांक–08.12.2025 **(प्रति संलग्न)** में उल्लेख किया गया है कि दिनांक–05.12.2025 को सम्बन्धित संस्थान का निरीक्षण किया गया, तथा निरीक्षण के दौरान संस्थान में प्राथमिक अग्निशमन व्यवस्थायें स्थापित की गयी हैं एवं वर्तमान समय में कार्यशील एवं संतोषजनक दशा में पायी गयी हैं।

उक्तानुसार आपकी अनुपालन आख्या के अनुसार ट्रस्ट के मेन ऑफिस को सील करते हुये विद्युत संयोजन को दिनांक–03.10.2025 को स्थाई विच्छेदन कर दिया गया है, जबकि प्रभारी अग्निशमन अधिकारी, नरेन्द्रनगर की अनुपालन आख्या के अनुसार ट्रस्ट में प्राथमिक अग्निशमन व्यवस्थायें स्थापित की गयी हैं एवं वर्तमान समय में कार्यशील एवं संतोषजनक दशा में पायी गयी हैं। उक्त दोनों अनुपालन आख्याओं में विरोधाभाष उत्पन्न हो रहा है। यदि ट्रस्ट को सील/विद्युत विच्छेदन किया गया है, तो अग्नि शमन विभाग द्वारा सील किये गये ट्रस्ट का निरीक्षण कैसे किया गया और बिना विद्युत के ट्रस्ट में स्थापित उपकरणों का संतोषजनक निरीक्षण किस आधार पर किया गया है।

अतः तदनुसार आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये ओशो गंगाधाम(जानकी कुटिया), ब्रहमपुरी, मुनिकीरेती का भौतिक सत्यापन करते हुये संयुक्त अद्यावधिक अनुपालन आख्या तीन (03) दिवस के अन्दर इस कार्यालय को अनिवार्यरूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे प्रकरण जिलाधिकारी महोदया के समक्ष रखा जा सके।

प्रभारी अधिकारी,
कृते–जिलाधिकारी
टिहरी गढ़वाल।

प्रतिलिपिः–

01– जिलाधिकारी महोदया की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
02– अग्निशमन अधिकारी, नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रभारी अधिकारी,
कृते–जिलाधिकारी
टिहरी गढ़वाल।

o/c

18-12-25

R-634/EAK
19-12-25

UTTARAKHAND
UKPCB

LiFE
Lifestyle For Environment

क्षेत्रीय कार्यालय
उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
ई–115, नेहरू कॉलोनी, देहरादून–248001
टेलीफोन नं.–0135–3593200..

पत्रांक सं0–यूकेपीसीबी / आरओडी / एन.जी.टी.–121 / 2025–26 / 3243-2495 दिनांक: 15-12-2025

ADM/oc/DPO

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी,
कृते जिलाधिकारी,
टिहरी गढ़वाल।

जिलाधिकारी
टिहरी गढ़वाल
19-12-25

विषय– मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में योजित मूल आवेदन संख्या–961 / 2024 नितिन देव बनाम् उत्तराखंड सरकार में दिनांक 26.05.2025 को पारित आदेश के अनुपालन के सम्बंध में।

महोदय,

मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में योजित मूल आवेदन संख्या–961 / 2024 नितिन देव बनाम् उत्तराखंड सरकार में दिनांक 26.05.2025 को पारित आदेश के अनुपालन में कार्यालय जिलाधिकारी, टिहरी गढवाल के पत्रांक संख्या 151 / जिला गंगा समिति / एन.जी.टी. (2025–26) नई टिहरी, दिनांक 11 दिसम्बर, 2025 के अनुक्रम में मै0 ओसो गंगा धाम (जानकी कुटिया) बह्मपुरी, मुनि की रेती, टिहरी गढ़वाल का दिनांक 12.12.2025 को उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं अग्निशमन विभाग, टिहरी गढ़वाल के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया।

उपरोक्तानुसार ओसो गंगा धाम (जानकी कुटिया) बह्मपुरी, मुनि की रेती, टिहरी गढ़वाल की संयुक्त निरीक्षण आख्या व फोटोग्राफ संलग्न कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

भवदीय,

15/12/2025
(अमित पोखरियाल)
क्षेत्रीय अधिकारी

प्रतिलिपि–

1. सदस्य सचिव महोदय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड"गौरा देवी पर्यावरण भवन" 46बी, आई0टी0पार्क, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. जिलाधिकारी महोदया, टिहरी गढ़वाल को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. प्रभारी अग्निशमन अधिकारी, नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल को सूचनार्थ प्रेषित।

क्षेत्रीय अधिकारी

**मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में योजित मूल आवेदन संख्या–961/2024 नितिन देव बनाम् उत्तराखंड सरकार मे दिनांक 26.05.2025 को पारित आदेश के अनुपालन में ओसो गंगा धाम (जानकी कुटिया) ब्रह्मपुरी, मुनि की रेती, टिहरी गढ़वाल की संयुक्त निरीक्षण आख्या।**

मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में योजित मूल आवेदन संख्या–961/2024 नितिन देव बनाम् उत्तराखंड सरकार में दिनांक 26.05.2025 को पारित आदेश के अनुपालन में कार्यालय जिलाधिकारी, टिहरी गढ़वाल के पत्रांक संख्या 151/जिला गंगा समिति/एन.जी.टी. (2025–26) नई टिहरी, दिनांक 11 दिसम्बर 2025, प्रकरण ओसो गंगा धाम (जानकी कुटिया) ब्रह्मपुरी, मुनि की रेती, टिहरी गढ़वाल का दिनांक 12.12.2025 को संयुक्त निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण में उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं अग्निशमन विभाग, टिहरी गढ़वाल के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि आश्रम में विद्युत विभाग द्वारा द्वारा विद्युत विच्छेदन किया गया, वह अभी पूर्ववत है एवं जो ऑफिस पूर्व में सील किया गया था वह भी यथावत् पाया गया। निरीक्षण के दौरान आश्रम परिसर में अग्निशमन व्यवस्थाओं हेतु स्थापित उपकरणों का विवरण निम्नानुसार है:–


| क्र0 सं0 | उपकरण का नाम | क्षमता | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | ए0बी0सी0 फायर, एक्सटिंग्यूशर | 04 किग्रा. | 09 |
| 2 | ए0बी0सी0 फायर, एक्सटिंग्यूशर | 06 किग्रा. | 03 |
| 3 | सी0ओ02 फायर, एक्सटिंग्यूशर | 4.5 किग्रा. | 02 |
| 4. | होजरील | – | 02 |
| 5. | फायर अलार्म | – | 01 |
| 6 | समरसिबल पम्प | – | 01 |
| 7 | रिजर्व वाटर टैंक | 5000X2 | 10,000 ली. |


उक्त तालिका में वर्णित अग्निशमन उपकरणों में बिन्दु संख्या 04, 05 व 06 के संचालन हेतु विद्युत की आवश्यकता होती है, जिनकी दिनांक 05.12.2025 को अग्निशमन विभाग द्वारा निरीक्षण के दौरान जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था कर उपकरणों की जॉच की गयी तथा शेष अन्य सभी अग्निशमन उपकरणों के संचालन हेतु विद्युत की आवश्यकता नहीं होती है। संयुक्त निरीक्षण के दौरान एक अन्य कक्ष जो कार्यालय के रूप में प्रयोग किया जा रहा था, को भी सील किया गया। तथा परिसर में रखे D.G.Set को भी सील किया गया है। वर्तमान में आश्रम में ट्रस्टी, सेवादार एवं कर्मचारी निवासरत हैं। निरीक्षण के दौरान आश्रम प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि आश्रम का संचालन राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से बिना जल-वायु सहमति प्राप्त किये कदापि न किया जाये। निरीक्षण के समय लिये गये फोटोग्राफ संलग्न है।


उपरोक्तानुसार ओसो गंगा धाम (जानकी कुटिया) ब्रह्मपुरी, मुनि की रेती, टिहरी गढ़वाल की संयुक्त निरीक्षण आख्या अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

15/12/2025 | | 15/12/2025
---|---|---
(एस0एस0 चौहान) | (शंकर चन्द रमोला) | (अमित पोखरियाल)
सहा0वैज्ञा0अधिकारी, | प्रभारी अग्नि शमन अधिकारी, | क्षेत्रीय अधिकारी,
उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, | नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल | उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,
देहरादून | | देहरादून


Rishikesh, Uttarakhand, India
Lease No, Jaanaki Cottage, 52, Badrinath Rd,
Brahmpuri, Rishikesh, Uttarakhand 249192, India
Lat 30.130867° Long 78.347773°
Friday, 12/12/2025 02:11 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Rishikesh, Uttarakhand, India
Lease No, Jaanaki Cottage, 52, Badrinath Rd,
Brahmpuri, Rishikesh, Uttarakhand 249192, India
Lat 30.130840° Long 78.347777°
Friday, 12/12/2025 02:11 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Rishikesh, Uttarakhand, India
Lease No, Jaanaki Cottage, 52, Badrinath Rd,
Brahmpuri, Rishikesh, Uttarakhand 249192, India
Lat 30.130861° Long 78.347845°
Friday, 12/12/2025 02:13 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Rishikesh, Uttarakhand, India
Lease No, Jaanaki Cottage, 52, Badrinath Rd,
Brahmpuri, Rishikesh, Uttarakhand 249192, India
Lat 30.130821° Long 78.347758°
Friday, 12/12/2025 02:13 PM GMT +05:30

कार्यालय जिलाधिकारी, टिहरी गढवाल।

संख्या–153/जिला गंगा समिति/एन0जी0टी0 (2025–26) नई टिहरी दिनांक 24दिसम्बर, 2025

उपजिलाधिकारी,
नरेन्द्रनगर।

विषयः– मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में योजित मूल आवेदन संख्या–961/2024 नितिन देव बनाम उत्तराखण्ड सरकार में दिनांक 26.05.2025 को पारित आदेश के अनुपालन के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में योजित मूल आवेदन संख्या–961/2024 नितिन देव बनाम उत्तराखण्ड सरकार में दिनांक 26.05.2025 को पारित आदेश के अनुपालन के कम में क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पत्र संख्या–यूकेपीसीबी/आरओडी/सा–(III)/ दिनांक 25.10.2025 **(प्रति संलग्न)** में उल्लेख किया गया है कि ट्रस्ट के प्रतिनिधि स्वामी प्रेम चैतन्य जी की उपस्थिति में दिनांक–04.10.2025 को ट्रस्ट के मेन ऑफिस को सील कर दिया गया है एवं अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नरेन्द्रनगर, टिहरी गढवाल के द्वारा परिसर पर स्थापित विद्युत संयोजन को दिनांक–03.10.2025 को स्थाई विच्छेदन कर दिया गया है। प्रकरण में मा0 प्राधिकरण के आदेश के अनुपालन के कम में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी, नरेन्द्रनगर के द्वारा कार्यालय पत्र संख्या–एफ0एस0/नि0अ0 दिनांक– 08.12.2025 **(प्रति संलग्न)** में उल्लेख किया गया है कि दिनांक–05.12.2025 को सम्बन्धित संस्थान का निरीक्षण किया गया, तथा निरीक्षण के दौरान संस्थान में प्राथमिक अग्निशमन व्यवस्थायें स्थापित की गयी हैं एवं वर्तमान समय में कार्यशील एवं संतोषजनक दशा में पायी गयी हैं। अनुपालन आख्या के अनुसार ट्रस्ट के मेन ऑफिस को सील करते हुये विद्युत संयोजन को दिनांक–03.10.2025 को स्थाई विच्छेदन कर दिया गया है, जबकि प्रभारी अग्निशमन अधिकारी, नरेन्द्रनगर की अनुपालन आख्या के अनुसार ट्रस्ट में प्राथमिक अग्निशमन व्यवस्थायें स्थापित की गयी हैं एवं वर्तमान समय में कार्यशील एवं संतोषजनक दशा में पायी गयी हैं। उक्त दोनों अनुपालन आख्याओं में विरोधाभाष उत्पन्न हो रहा है।

उक्त कम में दिनांक 12.12.2025 को उत्तरखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं अग्निशमन विभाग के द्वारा सयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि आश्रम में विद्युत विभाग द्वारा विच्छेदन किया गया वह अभी पूर्ववत है एवं ऑफिस जो कि पूर्व में सील किया गया था, वह भी यथावत् पाया गया। निरीक्षण के दौरान आश्रम में अग्निशमन उपकरणों जिनकों दिनॉक 05.12.2025 को अग्निशमन विभाग द्वारा निरीक्षण के दौरान जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था पर उपकरणों की जॉच की गयी। संयुक्त निरीक्षण के दौरान एक अन्य कक्ष जो कार्यालय के रुप में प्रयोग किया जा रहा था, को भी सील किया गया तथा परिसर में रखे D.G.Set को भी सील किया गया है।

अतः उपरोक्त के कम में आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त जानकी कुटिया धमार्थ ट्रस्ट(ओशोगंगा धाम) का समुचित औचित्य एवं वर्तमान वास्तविक स्थिति की जांच कर रिपोर्ट दो दिवस के भीतर इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त प्रकरण में सुनवाई की अग्रिम तिथि दिनॉक **04.01.2026** को नियत है।

**कृपया प्रकरण में शीर्ष प्राथमिकता प्रदान करें।**

संलग्न–यथोपरि।

24/12/25
(नितिका खण्डेलवाल)
जिलाधिकारी,
टिहरी गढवाल।

# ANNEXURE-7

प्रेषक,

उपजिलाधिकारी,
नरेन्द्रनगर।

सेवा में ,

जिलाधिकारी,
टिहरी गढ़वाल।

संख्या– 734 / आर०ए० (जांच आख्या) – 2025 नरेन्द्रनगर,दिनांक, दिसम्बर,26, 2025।

विषयः– मा० राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में योजित मूल आवेदन संख्या– 961 / 2024 नितिन देव बनाम उत्तराखण्ड सरकार में दिंनाक 26,05,2025 को पारित आदेश के अनुपालन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने कार्यालय पत्रांक संख्या 153 / जिला गंगा समिति / एन०जी०टी० (2025–26) नई टिहरी , 24 दिसम्बर 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अंतर्गत जानकी कुटिया धमार्थ ट्रस्ट (ओशोगंगा धाम) का समुचित औचित्य एवं वर्तमान वास्तविक स्थिति की जांच कर रिपोर्ट दो दिवस के भीतर उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

उक्त के कम में तहसीलदार नरेन्द्रनगर से जांच करवायी गयी, तहसीलदार द्वारा अपनी जांच आख्या दिंनाक 26.12.2025 में अवगत कराया कि स्थान ब्रहमपुरी स्थित जानकी कुटिया धमार्थ ट्रस्ट (ओशोगंगा धाम) का स्थलीय निरीक्षण दिंनाक 25.12.2025 को किया गया, स्थलीय निरीक्षण में पाया कि उक्त आश्रम में विद्युत विभाग द्वारा विद्युत संयोजन विच्छेदन किया गया है। विद्युत विभाग द्वारा आश्रम से विद्युत मीटर भी हटा दिया गया है, आश्रम का कार्यालय कक्ष सील्ड पाया गया है व आश्रम परिषद में एक जनरेटर सेट पाया गया है, उक्त जनरेटर सेट भी सील्ड पाया गया है।

अतः वांछित जांच आख्या महोदय की सेवा में मयमूल दस्तावेज सहित सादर प्रेषित।

सलग्न– यथोपरि।

भवदीय,
(हस्ताक्षर) 26/12/25
उपजिलाधिकारी,
नरेन्द्रनगर।

सेवा में,
श्रीमान तहसीलदार महोदय
नरेन्द्रनगर टि०ग०

विषय :- मा० राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में योजित मूल आवेदन संख्या 961/2024 नितिन देव बनाम उत्तराखण्ड सरकार में पारित आदेश दिनांक 26-05-2025 के अनुपालन के सम्बन्ध में

महोदय, उपरोक्त विषयक जिलाधिकारी महोदय टिहरी गढ़वाल के पत्र संख्या 153/ जिला गंगा समिति / एन०जी० टी० (2025-26) नई टिहरी दिनांक 24, 1 दिसम्बर 2025 के अनुपालन में स्थान ब्रह्मपुरी स्थित जानकी कुटिया धमार्थ ट्रस्ट (आरोग्यगंगा धाम) का स्थलीय निरीक्षण दिनांक 25/12/2025 को किया गया है, स्थलीय निरीक्षण आख्या निम्नवत है -

कि स्थलीय निरीक्षण में पाया कि उक्त आश्रम में विद्युत विभाग द्वारा विद्युत संयोजन विच्छेदन किया गया है, विद्युत विभाग द्वारा आश्रम से विद्युत मीटर भी हटा दिया गया है, आश्रम का कार्यालय कक्ष भी सील्ड पाया गया है, आश्रम परिसर में एक जनरेटर सेट पाया गया है. उक्त जनरेटर सेट भी शील्ड पाया गया है।

अतः रिपोर्ट महोदय की सेवा में प्रेषित है।

(हस्ताक्षर)
रा०नि० नरेन्द्रनगर
25/12/2025

उपजिलाधिकारी महोदय
की सेवा में रा०नि० नरेन्द्रनगर
जाँच रिपोर्ट सादर अग्रसारित

(हस्ताक्षर)
26/12/2025

कार्यालय जिलाधिकारी, टिहरी गढवाल।

संख्या–153/जिला गंगा समिति/एन0जी0टी0 (2025–26) नई टिहरी दिनांक 24दिसम्बर, 2025

उपजिलाधिकारी,
नरेन्द्रनगर।

विषयः– मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में योजित मूल आवेदन संख्या–961/2024 नितिन देव बनाम उत्तराखण्ड सरकार में दिनांक 26.05.2025 को पारित आदेश के अनुपालन के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयक मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में योजित मूल आवेदन संख्या–961/2024 नितिन देव बनाम उत्तराखण्ड सरकार में दिनांक 26.05.2025 को पारित आदेश के अनुपालन के कम में क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पत्र संख्या–यूकेपीसीबी/आरओडी/सा–(III)/ दिनांक 25.10.2025 **(प्रति संलग्न)** में उल्लेख किया गया है कि ट्रस्ट के प्रतिनिधि स्वामी प्रेम चैतन्य जी की उपस्थिति में दिनांक–04.10.2025 को ट्रस्ट के मेन ऑफिस को सील कर दिया गया है एवं अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नरेन्द्रनगर, टिहरी गढवाल के द्वारा परिसर पर स्थापित विद्युत संयोजन को दिनांक–03.10.2025 को स्थाई विच्छेदन कर दिया गया है। प्रकरण में मा0 प्राधिकरण के आदेश के अनुपालन के कम में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी, नरेन्द्रनगर के द्वारा कार्यालय पत्र संख्या–एफ0एस0/नि0अ0 दिनांक– 08.12.2025 **(प्रति संलग्न)** में उल्लेख किया गया है कि दिनांक–05.12.2025 को सम्बन्धित संस्थान का निरीक्षण किया गया, तथा निरीक्षण के दौरान संस्थान में प्राथमिक अग्निशमन व्यवस्थायें स्थापित की गयी हैं एवं वर्तमान समय में कार्यशील एवं संतोषजनक दशा में पायी गयी हैं। अनुपालन आख्या के अनुसार ट्रस्ट के मेन ऑफिस को सील करते हुये विद्युत संयोजन को दिनांक–03.10.2025 को स्थाई विच्छेदन कर दिया गया है, जबकि प्रभारी अग्निशमन अधिकारी, नरेन्द्रनगर की अनुपालन आख्या के अनुसार ट्रस्ट में प्राथमिक अग्निशमन व्यवस्थायें स्थापित की गयी हैं एवं वर्तमान समय में कार्यशील एवं संतोपजनक दशा में पायी गयी हैं। उक्त दोनों अनुपालन आख्याओं में विरोधाभाष उत्पन्न हो रहा है।

उक्त कम में दिनांक 12.12.2025 को उत्तरखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं अग्निशमन विभाग के द्वारा सयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि आश्रम में विद्युत विभाग द्वारा विच्छेदन किया गया वह अभी पूर्ववत है एवं ऑफिस जो कि पूर्व में सील किया गया था, वह भी यथावत् पाया गया। निरीक्षण के दौरान आश्रम में अग्निशमन उपकरणों जिनकों दिनॉक 05.12.2025 को अग्निशमन विभाग द्वारा निरीक्षण के दौरान जनरेटर की वैकल्पिक व्यवस्था पर उपकरणों की जॉच की गयी। संयुक्त निरीक्षण के दौरान एक अन्य कक्ष जो कार्यालय के रुप में प्रयोग किया जा रहा था, को भी सील किया गया तथा परिसर में रखे D.G.Set को भी सील किया गया है।

अतः उपरोक्त के कम में आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त जानकी कुटिया धमार्थ ट्रस्ट(ओशोगंगा धाम) का समुचित औचित्य एवं वर्तमान वास्तविक स्थिति की जांच कर रिपोर्ट दो दिवस के भीतर इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उक्त प्रकरण में सुनवाई की अग्रिम तिथि दिनॉक 04.01.2026 को नियत है।

**कृपया प्रकरण में शीर्ष प्राथमिकता प्रदान करें।**

संलग्न–यथोपरि।

24/12/25

(नितिका खण्डेलवाल)
जिलाधिकारी,
टिहरी गढवाल।

Tehsildar (Kingi)

SDM (Kingi)
24/12/25

24/12/2025

EV 436...5891N 3-1-26 R-779/ERK 3-1-26

☎ 9219400009
9258160729

# श्री जानकी कुटिया धर्मार्थ ट्रस्ट (रजि.)

लीज सं. 52 ब्रह्मपुरी, तपोवन, बद्रीनाथ रोड़ (ऋषिकेश) जिला-टिहरी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)

पत्रांक .................. दिनांक 26-12-2025

ADM/OC/DPO(NG)

जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल। 3-1-26

To,

The Member Secretary,
Uttarakhand Pollution Control Board,
Gaura Devi Paryavaran Bhawan,
46B, IT Park, Sahastradhara Road,
Dehradun-248001.

Sub:- Compliance of the order/Direction under Section 33A of Water (Prevention and Control of Pollution) Act 1974 and Section 31A of Air (Prevention and Control of Pollution) Act 1981 in the case of Shri Janki Kutiya Dharmarth Trust Lease No. 52, Brahampuri, Rishikesh- Matter Regarding

Kindly refer to your office letter no. UKPCB/ HO/Gen-183-806/2025/991 dated 11-09-2025 on the subject noted above.

In compliance of the above order/ direction it is submitted that 12 KLD -STP has duly been installed by M/S EWS Greentech Private Limited in Shri Janki Kutiya Dharmarth Trust Ashram at Lease No. 52, Brahampuri, Rishikesh. Online application for approval has already been submitted by the trust ashram on 08-10-2025. Copy of the bill/ invoice and photograph is enclosed herewith.

It is therefore requested that order dated 11-09-2025 for closing the operation and disconnecting the electric supply in the ashram may kindly be revoked. An early action in this regard is highly solicited. Any inconvenience caused is regretted.

Enclosed : as above

Swami Prem Chaitanya
Shri Janki Kutiya Dharmarth Trust
Lease No. 52, Brahampuri, Rishikesh

Copy for information and necessary action is submitted to :

1 The District Magistrate Tihri Garhwal

2 The Regional Officer, Regional Office, Uttarakhand Pollution Control Board,E-115, Nehru Coloney, Dehradun- 248001

Swami Prem Chaitanya
Shri Janki Kutiya Dharmarth Trust
Lease No. 52, Brahampuri, Rishikesh

EWS GREENTECH PRIVATE LIMITED
D-231, DELTA 1,
DISTRICT - GAUTAM BUDDHA NAGAR
GREATER NOIDA Uttar Pradesh 201308
India
GSTIN 09AAFCE5301C1Z5
91-9711356052
ewsgreentech@gmail.com
WWW.EWSGREENTECH.COM

# TAX INVOICE

| | | | |
|---|---|---|---|
| # | : EWS/2025-26/103 | Place Of Supply | : Uttarakhand (05) |
| Invoice Date | : 15/12/2025 | | |
| Terms | : Due on Receipt | | |
| Due Date | : 15/12/2025 | | |

**Bill To**

Shri Janki Kutiya
Dharmartha Trust, Bramhapuri Rishikesh ,Rishikesh
249192 Uttarakhand
India

**Ship To**

Lease No: 52, Badrinath Rd, Brahmpuri,
Near Ram Mandir
Rishikesh
249192 Uttarakhand
India

Subject

Supply & Installation of Mechanical Sewage Treatment Plant Capacity 15 KLD

| # | Item & Description | HSN/SAC | Qty | Rate | IGST | | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | % | Amt | |
| 1 | Supply & Installation of Mechanical Sewage Treatment Plant Capacity 12 KLD | 84212190 | 1.00 | 4,73,750.00 | 18% | 85,275.00 | 4,73,750.00 |
| 2 | Transportation | 996511 | 1.00 | 6,000.00 | 18% | 1,080.00 | 6,000.00 |

| | |
|---|---|
| Sub Total | 4,79,750.00 |
| IGST18 (18%) | 86,355.00 |
| **Total** | **₹5,66,105.00** |
| **Balance Due** | **₹5,66,105.00** |

Total In Words
*Indian Rupee Five Lakh Sixty-Six Thousand One Hundred Five Only*

Notes


Thanks for your business.


Terms & Conditions
We declare that this invoice shows the actual price of the services described and that all particulars are true and correct.
Kindly issue the cheque in favour of EWS Greentech Pvt. Ltd. or Online transfer to our Bank account.

Bank Details -
EWS GREENTECH PRIVATE LIMITED
Bank Name - ICICI BANK
IFSC ICIC0000254
A/c No 025405007351
Branch - Alpha 1, Greater Noida

EWS Greentech Private Limited

Authorized Signature


MBBR - 2
TUBE SETTLER
CHLORIDE


BBR-1
TUBE SETTLER
CHLORIDE

Item No. 04 Court No. 2

**BEFORE NATIONAL GREEN TRIBUNAL**
**PRINCIPAL BENCH, NEW DELHI**

Misc Application in Disposed of Cases No. 12/2026
In
Original Application No. 961/2024

Nitin Dev Applicant

Versus

State of Uttarakhand & Ors. Respondents

Date of hearing: 16.02.2026

**CORAM:** **HON'BLE MR. JUSTICE ARUN KUMAR TYAGI, JUDICIAL MEMBER**
**HON'BLE DR. AFROZ AHMAD, EXPERT MEMBER**

Applicant: None for the applicant.

Respondents: Mr. Kaushal Gautam, Advocate for respondent no.1. 3 and 4.
Mr. Mukesh Verma, Advocate for respondent no. 2.
None for respondent no. 5.

**ORDER**

1. Sh. Nitin Dev made complaint dated 22.11.2023 on public grievance portal of this Tribunal, which was treated and registered as Original Application No.961/2024.

2. The above said O.A. was disposed of vide order dated 26.05.2025 by with direction to UKPCB, Food Safety and Drug Officer, Tehri Garhwal Fire Safety Officer, Narender Nagar and District Supply Officer, Tehri Garhwal for protection of forest land and improvement of environment and directed to take appropriate action on the above said notices expeditiously preferably within six months.

3. The District Magistrate, Tehri Garhwal was directed to monitor the action by above said authorities/officers and file action taken report within

one month after expiry of period of six month from the date of receipt of a copy of this order before the Ld. Registrar General, National Green Tribunal, Principal Bench, New Delhi who may, if necessary, put up the matter before the Bench for further directions.

4. In compliance thereof, report dated 01.01.2026 has been filed by DM, Tehri Garhwal.

5. Considering further orders by this Tribunal to be necessary, the matter has been listed before the Bench by registering the report as Misc Application in Disposed of Cases No. 12/2026.

6. Mr. Kaushal Gautam, Advocate has appeared for respondents no. 1, 3 and 4 with Mr. Avdesh Kumar Singh, ADM, Tehri Garhwal and Mr. Mukesh Verma, Advocate has appeared for respondent no.2 and they seek four weeks' time for filing of their responses/compliance reports.

7. The same may be filed by way of affidavit within four weeks.

8. The Registry is directed to issue notice to respondent no. 5 requiring it to file its response within four weeks.

9. List on 17.04.2026 for further proceedings/orders.

Arun Kumar Tyagi, JM

Dr. Afroz Ahmad, EM

February 16th, 2026
M.A. in Disposed of Cases No. 12/2026
In Original Application No. 961/2024
AB